थापर इंस्टीट्यूट में समिट: एआई , स्थिरता व उच्च शिक्षा के भविष्य पर बनी साझा राय

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

दैनिक भास्कर
Page No. 03 Dated 14-04-2026

एजुकेशन प्लस

थापर इंस्टीट्यूट में समिट: एआई, स्थिरता व उच्च शिक्षा के भविष्य पर बनी साझा राय

पटियाला| थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित ग्लोबल अकादमिक लीडरशिप समिट 2026 का सफल समापन 11–12 अप्रैल को हुआ। इसमें एआई, स्थिरता व उच्च शिक्षा के भविष्य पर साझा राय बनी। यह समिट गौतम थापर (मैनेजिंग ट्रस्टी, थापर एजुकेशन ट्रस्ट एवं अध्यक्ष और राजीव रंजन वेदरा (बोर्ड ऑफ गवर्नर्स सदस्य) के संरक्षण में आयोजित हुआ। इसमें पद्मकुमार नायर वाइस चांसलर, थापर इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज संरक्षक और अजय बातिश प्रो वाइस चांसलर सह-संरक्षक रहे। इस समिट में देश-विदेश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के निदेशक और फैकल्टी शामिल हुए। इस दौरान

कार्यक्रम में पहुंचे विशेष अतिथि।

राजीव रंजन ने एआई और डिजिटल युग की चुनौतियों को "सबसे बड़ा मुद्दा" बताते हुए कहा कि अनिश्चितताओं के बीच नवाचार के अवसर भी उतने ही बड़े हैं। पदमा कुमार नैय्यर ने कहा, "यह समिट उच्च शिक्षा के भविष्य पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने का हमारा प्रयास है।